


विशेष कोर्स में प्रशिक्षण पाने वाले केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी • केएमसी

# केएमसी के विद्यार्थी सीखेंगे डिजाइन थिंकिंग

**जासं • लखनऊ:** डा एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में एरा फाउंडेशन और कलाम प्रगति के सहयोग से इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग कोर्स की शुरुआत की गई। इस विशेष कोर्स में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसी) के 60 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक जीवन के लिए तैयार करना और उन्हें आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना है। इस कोर्स के तहत विद्यार्थियों को नवाचार, रचनात्मक सोच और डिज़ाइन थिंकिंग के बारे में गहराई से सिखाया जाएगा। उन्हें विभिन्न केस स्टडीज़, टीम वर्क और प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग के माध्यम से समस्या समाधान की रणनीतियां विकसित करने का अवसर मिलेगा।

# भाषा विवि में हुआ एमएस एक्सेल कार्यशाला का समापन

गर्ग टाइम्स, संवाददाता



लखनऊ। खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत%पर कार्यशाला का दूसरा दिन संपन्न हुआ विदित है कि खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के नेतृत्व में व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत पर दो दिवसीय कार्यशाला आज संपन्न हुई। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्मचारियों की एमएस एक्सेल के प्रभावी उपयोग में दक्षता बढ़ाना था, जो सफलतापूर्वक पूरा हुआ.कार्यशाला के दूसरे दिन, प्रतिभागियों को एमएस एक्सेल की उन्नत सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया गया, जिससे उन्हें डेटा प्रबंधन, रिपोर्टिंग और प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित करने के लिए शक्तिशाली वातावरण दिया जा सके। कुल चार सत्रों सत्रों में डेटा विश्लेषण, मैक्रो के साथ स्वचालन और जटिल डेटा सेट को सरल बनाने के लिए पिवट टेबल का उपयोग जैसे विषय शामिल थे। कार्यशाला के संयोजक डीन, कॉमर्स, प्रो. सैय्यद हैदर अली ने बताया कि कि कार्यशाला से प्राप्त कौशल से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक दोनों ही कार्यों में महत्वपूर्ण रूप से सुधार होगा जिससे दैनिक कार्यों में अधिक दक्षता और सटीकता आएगी. व्यवसाय प्रशासन विभाग और प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यशाला में संकाय सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ श्री विनय चौबे ने द्वारा किया गया। जिन्होंने न केवल विशेषज्ञ-स्तरीय निर्देश दिए बल्कि प्रतिभागियों को एक्सेल उपकरणों के व्यावहारिक प्रदर्शनों में भी शामिल करने के गुर सिखाए। कार्यशाला के इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर जे.पी. पांडे ने विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए आयोजकों को बधाई दी और इस तरह के व्यावसायिक विकास के अवसरों को जारी रखने के लिए कहा माननीय कुलप[illegible] कहा कि इस तरह की कार्य[illegible] विश्वविद्यालय में शैक्षणिक [illegible] प्रशासनिक उत्कृष्टता को [illegible] देने के प्रति विश्वविद्यालय प्रशासन प्रतिबद्ध है। कार्यशाला के समापन सत्र के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। कार्यशाला के समापन के अवसर पर प्रो. राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. दुआ नकवी, डॉ. काज़िम रिज़वी, डॉ.सुमन मिश्रा, डॉ. विवेक बाजपेई सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# 238 शिक्षकों-छात्रों का नेत्र परीक्षण

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में अनेकता में एकता क्रांति मंच के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल के विशेषज्ञों द्वारा नेत्र परीक्षण, दवाओं एवं चश्मों का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने किया। शिविर के दौरान वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉ. विभोर महेंद्रु ने कैंसर जागरूकता सत्र का आयोजन किया।

# परीक्षा नियंत्रक राजभवन में सम्मानित



लखनऊ। शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सम्मानित किया है। राजभवन में हुए समारोह में उन्होंने स्वरचित कविता पाठ भी किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचीं महिलाओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया था। उत्तर प्रदेश रजिस्ट्रार कैडर से इस समारोह में डॉ. भावना मिश्रा एकमात्र सदस्य थीं। डॉ. भावना इससे पहले लखनऊ विश्वविद्यालय में भी सेवाएं दे चुकी हैं। भाषा विवि में परीक्षा नियंत्रक के साथ ही वे काफी समय तक कुलसचिव का पद भी संभाल चुकी हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

हिन्दुस्तान लखनऊ, बुधवार, 5 मार्च 2025 08

# सपने ही उद्यमी बनाते हैं इंसान को

लखनऊ। भाषा विवि के वाणिज्य विभाग की ओर से उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में युवाओं को स्व रोजगार के प्रति प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि ऑल इंडिया स्माल स्केल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि सपने ही किसी व्यक्ति को उद्यमी बनाते हैं। छात्रों को अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुंए कहा कि किसी भी छात्र को उद्यमिता से सम्बंधित कोई भी सुझाव व सहयोग चाहिए हो तो संपर्क कर सकता है।

# भाषा विवि में हुआ उद्यमिता पर जागरूकता कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम (स्पॉन्सर्ड बाय विकास आयुक्त एम.एस.एम.ई, नई दिल्ली) सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन वि वि के अटल सभागार में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ आरम्भ हुआ। सभागार में उपस्थित मुख्य अतिथि शैलेन्द्र श्रीवास्तव जी एवं आए हुए समस्त आगंतुओं का स्वागत वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन राजन यादव( फील्ड इन्वेस्टिगेटर एम.एस.एम.ई, नई दिल्ली) ने भारत सरकार द्वारा उद्यमिता से सम्बंधित संचालित की जा रही योजनाओं जैसे की PMEGP Ver 2.0, MUDRA के बारे में सम्पूर्ण जानकारी सभा में उपस्थित बहुतायत छात्रों को प्रदान की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र श्रीवास्तव (President All India Small scale association) ने उद्यमिता से जुड़े अपने व्यक्तिगत सफर के बारे में बताया और कहा कि ÷सपने ही किसी व्यक्ति को उद्यमी बनाते हैं÷ और सभा में उपस्थित छात्रों को अपना मोबाइल नंबर साझा करते है कहा कि किसी भी छात्र को उद्यमिता से सम्बंधित कोई भी सुझाव व सहयोग की आवश्यकता हो तो वह उनसे संपर्क कर सकता है बशर्ते कि उनके आइडिया में नवाचार तथा रचनात्मकता हो। इसके पश्चात रिसोर्स पर्सन एवं भाषा विवि के कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ल द्वारा उद्यमिता और नई शिक्षा नीति के अंतर्संबंध के बारे में बताते हुए कहा कि एक सफल उद्यमी में माइंडसेट, नवाचार और रचनात्मकता जैसे गुणों का होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ ज़ैबुन निसा (सहा. आचार्य) द्वारा किया गया। सभागार में में वाणिज्य और इंजीनियरिंग संकाय के कुल लगभग 75 बच्चों ने उद्यमिता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभागार में आए हुए समस्त आगंतुओं का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष कुमार (सहा. आचार्य वाणिज्य विभाग) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. सुमन मिश्र, सुआफ़रीन फातिमा, डॉ अप्रतिम चटर्जी, डॉ. अनुभव तिवारी, डॉ मृदुल सोनी, अर्जुन यादव, आएशा अलीम, सैय्यद अली जुहैर ज़ैदी, शिवम् चतुर्वेदी, ऋषभ त्रिवेदी स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर में दीपांशु गुप्ता, नमरा रफत, सफ़ीया, मनतशा, महजबी आदि लोग उपस्थित रहे।

CMYK

# अब स्वयम पोर्टल पर भाषा विश्वविद्यालय

जासं • लखनऊ: ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने स्वयम पोर्टल पर यूनिवर्सिटी डैशबोर्ड तक पहुंच की अनुमति दे दी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला उत्तर प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। इस पहल से विद्यार्थियों और शिक्षकों को आनलाइन शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। ई-लर्निंग भी अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी।

स्वयम (स्टडी वेब्स आफ एक्टिव लर्निंग यंग एस्पायरिंग माइंड्स) भारत सरकार की मुफ्त आनलाइन शिक्षा प्रदान करने वाली पहल है, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा विकसित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाते हैं। इस पोर्टल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी तक पहुंचाना है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने इसे विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, स्वयम पोर्टल का यह डैशबोर्ड शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। इससे वे अपने पाठ्यक्रमों की जानकारी एक ही स्थान पर ले सकेंगे। आनलाइन लर्निंग को भी नई दिशा मिलेगी।

# एमएस एक्सेल आज की पेशेवर दुनिया में एक कुशलता है : प्रो. सैयद हैदर

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 'शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत' पर सफल कार्यशाला का आयोजन ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएमसीएलयू) के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग और प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर जे.पी. पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में 28 फरवरी और 1 मार्च को 'शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत' नामक दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केएमसीएलयू के कंप्यूटर लैब, दूसरी मंजिल, अकादमिक ब्लॉक में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों का उत्साह एवं भागीदारी देखी गई।

**भाषा विवि में हुआ एमएस एक्सेल कार्यशाला का आयोजन**

इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों को संभालने में उनकी दक्षता बढ़ाने के लिए उन्नत एमएस एक्सेल कौशल से लैस करना था। कार्यशाला में डेटा-संचालित निर्णय लेने पर बढ़ती निर्भरता और एक्सेल के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित किया गया जिसमें डेटा विश्लेषण, विजुअलाइज़ेशन, पिवट टेबल, उन्नत सूत्र और स्वचालन तकनीकें शामिल रही। तकनीकी सत्र पुणे स्थित वित्तीय विश्लेषक विनय कुमार चौबे के नेतृत्व में हुआ उन्होंने व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। वाणिज्य संकाय के डीन प्रो. सैयद हैदर अली ने कहा कि यह कार्यशाला सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटने के लिए डिज़ाइन की गई है। प्रो.अली ने बताया कि एमएस एक्सेल आज की पेशेवर दुनिया में एक कुशलता है।



# भाषा विवि में हुआ उद्यमिता पर जागरूकता कार्यक्रम



सज्जाद बाक़र
सिटीज़न वॉयस,
संवाददाता
लखनऊ

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम (स्पॉन्सर्ड बाय विकास आयुक्त एम.एस.एम.ई, नई दिल्ली) सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन वि वि के अटल सभागार में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ आरम्भ हुआ। सभागार में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव जी एवं आए हुए समस्त आगंतुओं का स्वागत वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन श्री राजन यादव( फील्ड इन्वेस्टिगेटर एम.एस.एम.ई, नई दिल्ली) ने भारत सरकार द्वारा उद्यमिता से सम्बंधित संचालित की जा रही योजनाओं जैसे की PMEGP Ver 2.0, MUDRA के बारे में सम्पूर्ण जानकारी सभा में उपस्थित बहुतायत छात्रों को प्रदान की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने उद्यमिता से जुड़े अपने व्यक्तिगत सफर के बारे में बताया और कहा कि सपने ही किसी व्यक्ति को उद्यमी बनाते हैं और सभा में उपस्थित छात्रों को अपना मोबाइल नंबर साझा करते है कहा कि किसी



भी छात्र को उद्यमिता से सम्बंधित कोई भी सुझाव व सहयोग की आवश्यकता हो तो वह उनसे संपर्क कर सकता है बशर्ते कि उनके आइडिया में नवाचार तथा रचनात्मकता हो। इसके पश्चात रिसोर्स पर्सन एवं भाषा विवि के कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ल द्वारा उद्यमिता और नई शिक्षा नीति के अंतर्संबंध के बारे में बताते हुए कहा कि एक सफल उद्यमी में माइंडसेट, नवाचार और रचनात्मकता जैसे गुणों का होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ जैबुन निसा (सहा. आचार्य) द्वारा किया गया। सभागार में वाणिज्य और इंजीनियरिंग संकाय के कुल लगभग 75 बच्चों ने उद्यमिता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभागार में आए हुए समस्त आगंतुओं का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष कुमार (सहा. आचार्य वाणिज्य विभाग) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. सुमन मिश्र, सुश्री आफ़रीन फातिमा, डॉ अप्रतिम चटर्जी, डॉ. अनुभव तिवारी, डॉ मृदुल सोनी, श्री अर्जुन यादव, आएशा अलीम, सैय्यद अली जुहैर ज़ैदी, शिवम् चतुर्वेदी, ऋषभ त्रिवेदी स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर में दीपांशु गुप्ता, नमरा रफत, सफ़ीया, मनतशा, महजबी आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाषा विवि में हुआ बायोटेक पार्क के साथ एमओयू



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (केएम सीएलयू) और बायोटेक पार्क, लखनऊ ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य अकादमिक और उद्योग जगत का समन्वय है, जिससे दोनों संस्थानों के बीच सहयोग और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। इस समावेश से ज्ञान, विशेषज्ञता और संसाधनों का आदान-प्रदान आसान हो सकेगा। यह एमओयू दोनों संस्थानों के शिक्षकों और वैज्ञानिकों को सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन , संयुक्त अनुसंधान परियोजनाये एवं अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन को सरल बनाएगा, जिससे ज्ञान साझाकरण और क्षमता निर्माण किया जा सके। समझौते पर प्रोफेसर जे.पी. पाण्डेय, सीईओ, बायोटेक पार्क और साजिद आज़मी, वित्त अधिकारी, केएमसीएलयू ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ. नीरज शुक्ला, नोडल अधिकारी (एमओयू) केएमसीएलयू, प्रोफ़ेसर शालिनी त्रिपाठी, निदेशक, फैकल्टी ऑफ फार्मेसी, एस.सी. शुक्ला, वित्त अधिकारी, बायोटेक पार्क, प्रो. बी. एन. मिश्रा, सलाहकार, सीईओ बायोटेक पार्क एवं श्रीमती नेहा श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# भाषा विवि में हुआ एमएस एक्सेल कार्यशाला का समापन



बिजनौर टुडे लखनऊ संवाददाता वकार हुसैन

लखनऊ। शनिवार को, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में %शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत पर कार्यशाला का दूसरा दिन संपन्न हुआ। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. जे.पी. पांडेय के नेतृत्व में व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्मचारियों को एमएस एक्सेल के प्रभावी उपयोग में दक्षता बढ़ाना था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। दूसरे दिन, प्रतिभागियों को एक्सेल की उन्नत सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया गया, जिससे उन्हें डेटा प्रबंधन, रिपोर्टिंग, और प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुव्यवस्थित करने का अवसर मिला। कार्यशाला में डेटा विश्लेषण, मैक्रो के साथ स्वचालन और पिवट टेबल का उपयोग जैसे विषयों पर चार सत्रों का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला के संयोजक प्रो. सैय्यद हैदर अली ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण सुधार होगा, जिससे कार्यों में दक्षता और सटीकता बढ़ेगी। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ श्री विनय चौबे ने प्रशिक्षकों के रूप में कार्यशाला का संचालन किया और प्रतिभागियों को एक्सेल के व्यावहारिक उपयोग के गुर सिखाए। समापन सत्र में, कुलपति प्रो. जे.पी. पांडेय ने विश्वविद्यालय की निरंतर उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए आयोजकों को बधाई दी और ऐसे प्रशिक्षण अवसरों को आगे बढ़ाने की बात कही।

कार्यशाला के समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर प्रो. राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. दुआ नकवी, डॉ. काज़िम रिज़्वी, डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. विवेक बाजपेई सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी

## ग्रामीणों की समस्याओं का बताया समाधान

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए रहौडा पुरवा गांव में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों की समस्याएं जानीं और उनका समाधान भी बताया। डॉ. मूसी रज़ा ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक शिविर में सीखी गई बातों को अपनी जीवनशैली में शामिल करें। इससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की संभावनाएं और अधिक उज्ज्वल होंगी। (संवाद)

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी अभियंत्रण विभाग के छात्रों ने एक महत्वपूर्ण सामुदायिक आउटरीच पहल के तहत एक मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और समग्र कल्याण के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति छात्रों की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण था, जिसमें छात्रों ने गाँव की महिलाओं के साथ बातचीत की और उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से प्रबंधित करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। छात्रों ने विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. त्रिपाठी और शिक्षकों - इंजीनियर धीरेंद्र सिंह, इंजीनियर शिवांशी त्रिपाठी और इंजीनियर राशि श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन और शैक्षिक सामग्री वितरित की, ताकि एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा सके।

छात्रों के इस प्रयास को समुदाय द्वारा अच्छी प्रतिक्रिया मिली, और विश्वविद्यालय ने यह निर्णय लिया है कि वह इस प्रकार के आउटरीच कार्यक्रमों को जारी रखेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी अभियंत्रण विभाग के छात्रों ने एक महत्वपूर्ण सामुदायिक आउटरीच पहल के तहत एक मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और समग्र कल्याण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति छात्रों की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण था, जिसमें छात्रों ने गाँव की महिलाओं के साथ बातचीत की।

amarujala.com/lucknow
my city
लखनऊ | शनिवार 08.03.2025
अमर उजाला 7


# स्वयं पोर्टल के डैशबोर्ड से जुड़ा भाषा विश्वविद्यालय

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को स्वयं पोर्टल पर यूनिवर्सिटी डैशबोर्ड से जुड़ने की अनुमति दे दी है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि इससे शिक्षकों और छात्रों को अपने पाठ्यक्रमों से जुड़ी सभी जानकारियां एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध होंगी।

इसकी मदद से ऑनलाइन लर्निंग अधिक प्रभावी बनेगी। कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने कहा कि डैशबोर्ड तक पहुंच होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन को पाठ्यक्रमों के नामांकन, परीक्षा प्रक्रिया और प्रमाणपत्र जारी करने की निगरानी करने में सुविधा होगी। यह डिजिटल नवाचार शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए लाभकारी होगा।

## यूजीसी ने दी अनुमति, अब पाठ्यक्रमों से जुड़ी जानकारियां एक स्थान पर मिलेंगी



## पाठ्यक्रमों की प्रगति जानने में होगी आसानी

इस डैशबोर्ड से विश्वविद्यालय प्रशासन अपने संस्थान में पाठ्यक्रमों की प्रगति को ट्रैक कर सकेगा और जरूरी सुधार कर सकेगा। साथ ही छात्रों को उनके पाठ्यक्रम की स्थिति की वास्तविक समय में जानकारी मिल सकेगी।

## स्वयं पोर्टल को जानें

यह केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म है। यह छात्रों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने के लिए अलग-अलग विश्वविद्यालयों और संस्थानों की ओर से विकसित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है।

## ऑनलाइन शिक्षा को बनाया जा सकेगा सशक्त

यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे ऑनलाइन शिक्षा को सशक्त बनाया जा सकेगा।

– डॉ. रुचिता सुजय चौधरी
प्रवक्ता, भाषा विश्वविद्यालय

जागरण सिटी

**भाषा विवि के स्वयंसेवकों ने लगाया विशेष शिविर** : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 ने मुबारकपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। पहले दिन उद्घाटन सत्र में शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य डा. श्वेता अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा केवल जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं जीवन है। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने कहा कि शिक्षा बेहतर जीवन का साधन है, न कि केवल पैसा कमाने का जरिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनीष कुमार ने बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का सशक्त माध्यम है। शिविर में स्वयं सेवकों ने भी अपने विचार साझा कर समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया।

|| दैनिक जागरण लखनऊ, 11 मार्च, 2025 जागरण सिटी लखनऊ

# डा. भावना को मिला सम्मान

**लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश की विशिष्ट महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। भाषा विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डा. भावना मिश्रा को उनके प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन महिलाओं को प्रदान किया गया, जिन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दिया। (जासं)

روزنامہ
حقیقت ٹوڈے
HAQEEQAT TODAY
لکھنؤ

# لینگوتج یونیورسٹی اور انیکتا میں ایکتا کرانتی منچ کے اشتراک سے فری میڈیکل کیمپ کا انعقاد



لکھنؤ، 1 مارچ (نامہ نگار) آج خواجہ معین الدین چشتی لینگوتج یونیورسٹی اور انیکتا میں ایکتا منچ کے اشتراک سے وائس چانسلر پروفیسر جے۔پی پانڈے کی رہنمائی میں یونیورسٹی کیمپس میں فری میڈیکل کیمپ کا انعقاد کیا گیا۔اس کیمپ میں امراض چشم کے ماہر ڈاکٹروں نے طلبہ، اساتذہ اور ملازمین کی آنکھوں کا معائنہ کرتے ہوئے ادویات تجویز کیں اور چشمے بھی تقسیم کیے۔اس میڈیکل کیمپ کا افتتاح یونیورسٹی کے رجسٹرار ڈاکٹر مہیش کمار نے کیا۔انھوں نے اس موقع پر کہا کہ ہم میں سے بہت سے ایسے لوگ ہیں جو بیماری کے ابتدائی ایام میں عام طور سے آنکھوں کے اندر ہونے والی خرابیوں کو نظر انداز کر دیتے ہیں اور اس کی قیمت کو نہیں سمجھتے ہیں مگر آنکھوں کی روشنی کم ہونے کے بعد اس کے زیاں کا شدید احساس ہوتا ہے اسی لئے ضروری ہے کہ اس کا بروقت خیال رکھا جائے اور اسی ضرورت کو سمجھتے ہوئے یونیورسٹی میں آنکھوں کے لئے یہ فری میڈیکل کیمپ لگایا گیا ہے۔

آنکھوں کے کینسر کے سینئر ماہر ڈاکٹر وبھور مہیندر نے آنکھوں کے کینسر کے بارے گفتگو کرتے ہوئے کینسر کے مختلف مراحل کے بارے میں آگاہ کیا اور ساتھ ہی طلبہ نے ان سے بات کرتے ہوئے اپنی آنکھوں کو صحت مند رکھنے کے لئے سوالات کئے ،انھوں نے جن کا تشفی بخش جوابات دیئے۔اس اہم کیمپ کی کوارڈینیٹر ڈاکٹر روچیتا سجائے، کنوینر ڈاکٹر نیرج شکلا اور آرگنائزنگ سکریٹری ڈاکٹر کاظم اصغر رضوی تھے۔اس موقع پر ڈاکٹر آرتی سریواستو، ڈاکٹر عظیم، سید ذیشان قادر، پروفیسر احتشام احمد کے علاوہ مختلف شعبوں کے طلبہ موجود تھے۔

# भाषा विवि में हुआ एमएस एक्सेल कार्यशाला का समापन



लखनऊ,स्पष्टवक्ता। खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत पर कार्यशाला का दूसरा दिन संपन्न हुआ विदित है कि खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के नेतृत्व में व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत पर दो दिवसीय कार्यशाला आज संपन्न हुई। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्मचारियों की एमएस एक्सेल के प्रभावी उपयोग में दक्षता बढ़ाना था, जो सफलतापूर्वक पूरा हुआ.कार्यशाला के दूसरे दिन, प्रतिभागियों को एमएस एक्सेल की उन्नत सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया गया, जिससे उन्हें डेटा प्रबंधन, रिपोर्टिंग और प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित करने के लिए शक्तिशाली वातावरण दिया जा सके। कुल चार सत्रों सत्रों में डेटा विश्लेषण, मैक्रो के साथ स्वचालन और जटिल डेटा सेट को सरल बनाने के लिए पिवट टेबल का उपयोग जैसे विषय शामिल थे। कार्यशाला के संयोजक डीन, कॉमर्स, प्रो. सैय्यद हैदर अली ने बताया कि कि कार्यशाला से प्राप्त कौशल से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक दोनों ही कार्यों में महत्वपूर्ण रूप से सुधार होगा जिससे दैनिक कार्यों में अधिक दक्षता और सटीकता आएगी. व्यवसाय प्रशासन विभाग और प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यशाला में संकाय सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ श्री विनय चौबे ने द्वारा किया गया। जिन्होंने न केवल विशेषज्ञ-स्तरीय निर्देश दिए बल्कि प्रतिभागियों को एक्सेल उपकरणों के व्यावहारिक प्रदर्शनों में भी शामिल करने के गुर सिखाए।

लखनऊ | बुधवार • 05.03.2025
my city अमर उजाला 7

# उद्यम योजनाओं की दी जानकारी

लखनऊ। ख्वाजा.मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में वाणिज्य विभाग ने उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग की ओर से हुई कार्यशाला में मुख्य अतिथि शैलेंद्र श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को पीएमईजीपी ऋण योजना, मुद्रा योजना की जानकारी दी। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. जैबुन निशा, डॉ. अनुभव आदि मौजूद रहे। (संवाद)

लखनऊ, सोमवार, 10 मार्च, 2025
जागरण सिटी

# ग्रामीणों से किया संवाद

जासं • लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-7 की ओर से आयोजित विशेष शिविर में स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों से संवाद किया। जल संरक्षण, शिक्षा, बालिका शिक्षा, नशा मुक्ति जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई।

# भाषा विवि के स्वयंसेवकों ने लगाया विशेष शिविर



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -7 का आज सात दिवसीय विशेष का आयोजन मुबारकपुर मे किया गया जसमे प्रथम दिन उदघाटन सत्र मे शिक्षा विभाग सहायक आचार्य डॉ श्वेता अग्रवाल ने शिक्षा का महत्व विषय पर बोलते हुए कहा शिक्षा मे नैतिकता के साथ साथ मूल्य परक शिक्षा होनी चाहिए शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है बल्कि शिक्षा स्वयं जीवन है। राष्ट्रीय सेवा योजना से हमें दूसरों के दुख-दर्द मे साथ देना चाहिए। हमारे जीवन मे सहजता, सरलता, शालीना होनी चाहिए। साथ ही प्राथमिक विद्यालय की प्रधनाध्यापिका ने शिक्षा बेहतर जीवन जीने का साधन है शिक्षा पैसा कमाने साधन नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीष कुमार बोलते हुए कहा की डॉ बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने कहा शिक्षा शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा। शिक्षा से हम समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सकते है। कार्यक्रम मे स्वम सेवकों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में आयोजित एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष शिविर के पांचवें दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित यह रैली गोद लिए गांव रहौडा पुरवा की विभिन्न गलियों व सड़कों से होते हुए पंचायत घर पर समाप्त हुई। स्वयंसेवकों ने हेलमेट न पहनने के खतरों से अवगत कराया।

# भाषा विवि-बायोटेक पार्क में एमओयू

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और बायोटेक पार्क के बीच एमओयू हुआ। एमओयू से दोनों संस्थानों के बीच सहयोग और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। एमओयू संस्थानों के शिक्षकों और वैज्ञानिकों को सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन आदि आयोजन को सरल बनाएगा। (संवाद )

# भाषा विविः यूजी-पीजी के तीसरे सेमेस्टर के परिणाम घोषित

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने बुधवार को स्नातक व परास्नातक कोर्सों के तीसरे सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा नियंत्रक महेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल से विस्तृत परिणाम देख सकते हैं।

**समर्थ पोर्टल पर देख सकते हैं परिणाम**

इसमें समस्या आने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। विद्यार्थियों की आपत्तियों को सुना जाएगा।

जिन कोर्सों के परिणाम घोषित किए गए उनमें स्नातक स्तर पर बीए अरबी, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, इतिहास, पत्रकारिता, उर्दू, फारसी, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, बीए एलएलबी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीफार्मा व बीटेक शामिल हैं। परास्नातक कोर्सों में एमए पत्रकारिता, एमबीए, एमसीए, एमकॉम, एलएलएम तीसरे सेमेस्टर के परिणाम जारी हुए हैं। (संवाद)

लखनऊ | मंगलवार • 11.03.2025
my city अमर उजाला 7

# परीक्षा नियंत्रक राजभवन में सम्मानित



लखनऊ। शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सम्मानित किया है। राजभवन में हुए समारोह में उन्होंने स्वरचित कविता पाठ भी किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचीं महिलाओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया था। उत्तर प्रदेश रजिस्ट्रार कैडर से इस समारोह में डॉ. भावना मिश्रा एकमात्र सदस्य थीं। डॉ. भावना इससे पहले लखनऊ विश्वविद्यालय में भी सेवाएं दे चुकी हैं। भाषा विवि में परीक्षा नियंत्रक के साथ ही वे काफी समय तक कुलसचिव का पद भी संभाल चुकी हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

# भाषा विवि और बायोटेक करेंगे अनुसंधान

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और बायोटेक पार्क, लखनऊ के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू दोनों संस्थानों के शिक्षकों और वैज्ञानिकों को सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं एवं अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन को सरल बनाएगा, जिससे ज्ञान साझा करेंगे और क्षमता निर्माण किया जा सके।

# पर्यावरण संरक्षण का बताया महत्व

लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात की ओर से ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन नीम, पीपल, बरगद के पौधे लगाए गए। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया गया। शिक्षिका डॉ. उषा सिंह ने कहा कि घरों में तुलसी, गिलोई, हल्दी जैसे औषधीय पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष कुमार ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण का बचाव जरूरी है। पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. बृजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि भारत के पास विश्व की जमीन का केवल दो प्रतिशत है, जबकि यहां विश्व की 17 प्रतिशत आबादी रहती है। (संवाद)

# भाषा विवि के रोवर्स रेंजर्स को मिला तृतीय पुरस्कार



■ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ को रोवर्स रेंजर्स के 31वें प्रादेशिक समागम में मिला तृतीय पुरस्कार

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** विदित है कि प्रदेश स्तर पर रोवर्स रेंजर्स की तीन दिनों तक चलने वाली 31वें प्रादेशिक समागम प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जूभैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज में संपन्न हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश के कुल 9 विश्वविद्यालय से 36 टीमों ने हिस्सा लिया । इस बीच समागम में खेल, स्वास्थ और सामाजिक सेवा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स टीम ने पहली बार पूरे गर्म जोशी से प्रतिभाग किया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर 5000 की धनराशि हासिल की जिससे विश्वविद्यालय परिवार आह्लादित है। विजयी टीम को शुभकामनाएं देते हुए माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय ने कहा कि खेल और अन्य शारीरिक गतिविधियां हमें सशक्त राष्ट्र के निर्माण करने में सहायता प्रदान करती हैं। रोवर्स प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ सुदीप रेंजर्स प्रभारी डॉ जहां आरा ज़ैदी व रोवर्स रेंजर्स समन्वयक डॉ.मो.शरिक ने इस मौक़े पर रोवर्स रेंजर्स टीम को बधाई दी और विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम के विजयी होने पर विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है।

लखनऊ, शनिवार, 8 मार्च 2025 04 हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

# विद्यार्थियों ने नशा मुक्त भारत की शपथ ली

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में और विश्वविद्यालय परिसर और गोद लिए गए गांव में नशा और दहेज मुक्त विश्वविद्यालय अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में विद्यार्थियों ने नशा मुक्त भारत की शपथ ली।

روزنامہ راشٹریہ
سہارا

# لینگو تج یونیورسٹی اور بایوٹیک پارک کے مابین مفاہمت نامے پر دستخط



**لکھنؤ (پریس ریلیز)** خواجہ معین الدین چشتی لینگو تج یونیورسٹی اور بایوٹیک پارک نے ایک اہم مفاہمت نامے پر دستخط (ایم او یو) کیا ہے۔اس مفاہمت نامے کا بنیادی مقصد اکیڈمی اور صنعت کے درمیان ہم آہنگی پیدا کرنا ہے تاکہ دونوں ادارے آپسی تعاون سے اختراعات وصنعتکاری کے کلچر کو فروغ دے سکیں۔اس موقع پر یونیورسٹی کے وائس چانسلر نے کہا کہ یہ دونوں ادارے آپسی تعاون سے سمینار، ورکشاپ، کانفرنس، قلیل مدتی تربیتی پروگرام اور تحقیقی منصوبوں کیلئے علمی وسائنسی ماحول فراہم کریں گے تاکہ طلباء کے اندر پوشیدہ جوہروں کو چمکنے کا موقع مل سکے۔اس مفاہمت نامے پر وائس چانسلر پروفیسر جے پی پانڈے، بایوٹیک پارک کے سی ای او پروفیسر بی این مشرا اور یونیورسٹی کے افسر مالیہ ساجد اعظمی نے دستخط کیے۔اس موقع پر ڈاکٹر نیرج شکلا نوڈل افسر (ایم او یو)، پروفیسر شالنی ترپاٹھی ڈائریکٹر فارمیسی فیکلٹی، ایس سی شکلا اور نیہا شریواستو کے علاوہ دیگر افراد موجود تھے۔

# ग्रामीणों को बताईं सरकार की योजनाएं

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीणों से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर संवाद किया गया। इस दौरान जल संरक्षण, शिक्षा, बालिका शिक्षा, नशा मुक्ति और महिलाओं को सम्मान दिए जाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें फ्री सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना आदि योजनाओं का उल्लेख किया।